राज्यपाल सचिवालय
राज भवन जयपुर

राज्यपाल ने पूर्व उप प्रधानमंत्री भारत रत्न श्री लालकृष्ण आडवाणी से मुलाकात की

जयपुर, 8 मई। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने बुधवार को राजधानी दिल्ली में पूर्व उप प्रधानमंत्री, भारत रत्न श्री लालकृष्ण आडवाणी के निवास पहुंचकर उनसे मुलाकात की। उन्होंने शॉल ओढाकर, पुष्पगुच्छ और स्मृति चिन्ह प्रदान कर उनका अभिनंदन भी किया।

राज्यपाल ने श्री आडवाणी के स्वास्थ्य के बारे में भी जानकारी ली तथा उनके स्वस्थ, दीर्घायु जीवन की कामना की। श्री मिश्र की पूर्व उप प्रधानमंत्री से यह शिष्टाचार भेंट थी।

——